Question Bank
Class : IV
Subject : Hindi

नीचे दिए गए गद्द्यांशों को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

1. समय बहुत बलवान होता है। हमें अपना हर कम निश्चित समय पर करना चाहिए , तभी अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। जो लोग समय-तालिका बनाकर उसके अनुसार ही चलते हैं, उनके पास समय की कभी कमी नहीं रहती। ऐसे लोग सभी कामों के लिए समय निकाल लेते हैं। समय ईश्वर का दिया हुआ अनमोल उपहार है। हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए।इससे मन में अच्छे विचार आते हैं , और जीवन में सफलता मिलती है।

प्र॰ (i) गदयांश में किसे बलवान कहा गया है?

(क) समय को (ख) मानव को (ग) उपहार को (घ) विचार को

प्र॰ (ii) निश्चित समय पर कम करने से क्या लाभ है?

(क) असफलता मिलती है। (ख) सफलता मिलती है।
(ग) निराशा होती है। (घ) दु:ख होता है।

प्र॰ (iii) समय की कमी किसके पास नहीं होती है?

(क) जो लोग समय तालिका बनाकर चलते हैं। (ख) जो सब कम देर से करते हैं।
(ग) जो समय का महत्व नहीं जानते। (घ) जो दूसरों के भरोसे रहते हैं।

प्र॰ (iv) ईश्वर ने हमें कौन सा अनमोल उपहार दिया है?

(क) धन (ख) वैभव (ग) गहनें (घ) समय

प्र॰ (v) गदयांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(क) अनमोल उपहार (ख) अच्छे विचार (ग) समय का महत्व (घ) बलवान

नीचे दिए गए गद्द्यांशों को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

2. सुबह उठकर व्यायाम करने से हमारा शरीर निरोग रहता है। यदि हम केवल सैर हीं करें तो भी हम कई रोगों से मुक्ति प सकते हैं। सच तो यह है कि सुबह कि सैर संजीवनी बूटी के समान होती है। सुबह बगीचे या पार्क में सैर करने से ताजी हवा मिलती है और मन प्रसन्न हो जाता है। सुबह कि सैर विद्यार्थियों कि स्मरण शक्ति को बढ़ाती है। हमें प्रात:काल भ्रमण को अपनी दिनचर्या मे शामिल कर लेना चाहिए। हमारे बुजुर्गों ने भी कहा है। प्रात: जल्दी उठना, रात को जल्दी सोना, मनुष्य को स्वस्थ, धनी व बुद्धिमान बनाता है।

प्र॰ (i) हम अपने शरीर को निरोग कैसे रख सकते हैं?

प्र॰ (ii) संजीवनी बूटी किसे कहा गया है?

प्र॰ (iii) बगीचे में सैर करने से क्या लाभ है?

प्र॰ (iv) विद्यार्थियों के लिए सुबह कि सैर का क्या महत्व है?

प्र॰ (v) हम धनी और बुद्धिमान कैसे बन सकते हैं?

नीचे दिए गए गद्द्यांशों को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

3. एक जंगल मे सारस और लोमड़ी रहते थे। वे दोनों मित्र थे। एक दिन लोमड़ी ने सारस को खीर खाने के लिए अपने घर बुलाया। लोमड़ी चालाक थी। उसने दो थालियों में खीर डाली। लोमड़ी ने जल्दी से अपनी खीर खाली पर सारस लंबी चोंच होने के कारण खीर न खा सका। अगले दिन सारस ने लोमड़ी को अपने घर खीर खाने के लिए बुलाया। लोमड़ी से बदला लेने के लिए सारस ने लंबी गर्दन वाले बर्तन में खीर परोसी लंबी चोंच के कारण सारस ने तो खीर खा ली परंतु लोमड़ी खीर न खा सकी और सारस का मुँह देखती रह गई।

प्र॰ (i) जंगल में कौन से दो मित्र रहते थे?

प्र॰ (ii) लोमड़ी ने सारस को अपने घर क्यों बुलाया?

प्र॰ (iii) लोमड़ी ने क्या चालाकी की?

प्र॰ (iv) सारस ने लोमड़ी को अपने घर क्यों बुलाया?

प्र॰ (v) क्या लोमड़ी ने खीर खाई?

नीचे दिए गए गद्द्यांशों को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

4. मथुरा का राजा कंस बहुत ही घमंडी और अत्याचारी था। उसने अपनी बहन देवकी का विवाह अपने मित्र वसुदेव से किया/ देवकी की विदाई के समय आकाशवाणी हुई की देवकी की आँठवी संतान कंस को मार डालेगी। इससे डर कर कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागृह मे दाल दिया। कंस देवकी और वसुदेव की संतानों को जन्म लेते ही मार देता। देवकी की आँठवी संतान के रूप में श्री कृष्ण ने जन्म लिया। श्री कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के पहरेदार सो गए तथा द्वार अपने आप खुल गए। वसुदेव श्री कृष्ण को गोकुल में अपने मित्र नन्द के यहाँ छोड़कर उसकी कन्या को उठा लाए। श्री कृष्ण ने बड़े होकर कंस का वध किया और अपने माता-पिता को जेल से मुक्त किया।

प्र॰ (i) कंस कहाँ का राजा था?

(क) गोकुल का (ख) मथुरा का (ग) वृन्दावन का (घ) बरसाने का

प्र॰ (ii) देवकी का विवाह किससे हुआ था?

(क) नन्द से (ख) कंस से (ग) वसूदवे से (घ) इनमे से किसी से नही

प्र॰ (iii) श्री कृष्ण का जन्म कहाँ हुआ था?

(क) गोकुल में (ख) मथुरा में (ग) वृन्दावन में (घ) बरसाने में

प्र॰ (iv) श्री कृष्ण देवकी की कौन सी संतान थे?

(क) आँठवी (ख) तीसरी (ग) पहली (घ) सातवीं

प्र॰ (v) वसुदेव ने श्री कृष्ण को कहाँ छोड़ा?

(क) जंगल में (ख) कारागृह में (ग) गोकुल में (घ) मथुरा में

5. निम्न मे से किसी एक पर संक्षिप्त निबंध लिखें-

(क) मेरी प्रिय अध्यापिका (ख) रक्षाबंधन

(ग) पंद्रह अगस्त (स्वतन्त्रता दिवस) (घ) बाल-दिवस

5. कविता पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5

पर्वत कहता शीश उठाकर ,
तुम भी ऊंचे बन जाओ।
सागर कहता है लहराकर ,
मन में गहराई लाओ।

समझ रहे हो क्या कहती है ,
उठ-उठ , गिर-गिर, तरल तरंग।
भर लो , भर लो अपने मन में,
मीठी-मीठी मृदुल उमंग।

पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो ,
कितना ही हो सिर पर भार।
नभ कहता है फैलो इतना ,
धक लो तुम सारा संसार।

(i) पर्वत क्या कह रहा है?

(क) नीचे बनने को (ख) शीश उठाने को
(ग) ऊंचे बनने को (घ) शीश झुकने को

(ii) सागर क्या कहता है?

(क) लहराने को (ख) गहराई लाने को
(ग) मन गहराई लाने को (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) 'मृदुल' का अर्थ है?

(क) कठोर (ख) कोमल
(ख) सरल (घ) उमंग

(iv) पृथ्वी हमें सीख देती है-

(क) धैर्य खोने के लिए। (ख) धैर्य न छोडने के लिए।
(ग) सिर पर भार रखने के लिए। (घ) उपरोक्त सभी।

(v) आकाश हमें क्या कहता है -

(क) सागर को ढकने के लिए। (ख) पृथ्वी को ढकने के लिए।
(ग) सागर को ढकने के लिए। (घ) उपरोक्त सभी।

6. कविता पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

कविता पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5

अंकों की दावत मे जीरो भी आया,
गोल-मटोल बिचारे का सबने मज़ाक उड़ाया।
एक से नौ तक सब दंभी-अभिमानी ,
जीरो की कद्र किसी ने न जानी।
बोले- “एक तरफ बैठो या अपना मोल बताओ ,
चुप्पी साधो और नौ दो ग्यारह हो जाओ!”

(i) उपर्युक्त कविता का शीर्षक क्या है?

(ii) इस कविता में गोल-मटोल क्या है?

(iii) दंभी-अभिमानी किसे कहा गया है?

(iv) नौ दो ग्यारह का अर्थ क्या होता है?

(v) सबने किसका मज़ाक उड़ाया?

7. कविता पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5

अब सबकी समझ में आया,
कोई बेकार नहीं , सबकी अपनी माया।
बस , हिम्मत न हारें, अपना मोल पहचानें,
पीछे चलें या आगे , अपने को विजेता मानें।
एक और बात-अकेले मोल कम होता है ;
जो दे एक-दूसरे का साथ , उन्हीं में डैम होता है।

(i) उपर्युक्त कविता में किसकी चर्चा की गई है?

(ii) अकेले का मोल क्या होता है?

(iii) दम किसमें होता है?

(iv) यह कविता हमें काया सीख दे रही है? (2)

8. खाली स्थानों को भरें- 1

पाठ - I

1. सागर कहता है लहराकर,

   मन में ____________ लाओ।

2. पृथ्वी कहती _______ न छोड़ो,

   कितना ही हो सिर पर भार।

3. प्रकृति सबसे ___________ है।

पाठ - II

4. तिलक का पूरा नाम _____________________ था।
5. 'स्वतन्त्रता हमारा जन्मसिद्ध _______________ है।'
6. संघर्ष का अर्थ ______________ होता है।

पाठ - V

7. एका से नौ तक सब ___________________,

   जीरो की कद्र किसी ने न जानी।

8. बस हिम्मत न हारें, अपना मोल पहचानें,

   पीछे चलें या आगे, अपने को ______________ मानें।

पाठ - VI

9. पढ़ते समय कापी-किताब को लगभग ___________ की दूरी पर रखना चाहिए।
10. आँखों को __________ रखने के लिए हरी सब्जी, फल खाना चाहिए।
11. माँ रमन को आँखों के __________ पास ले गई।

पाठ - VII

12. अंदर तीन व्यक्ति अपनी-अपनी _________ का रोना रो रहे थे।
13. साढ़ी ईरान के एक नगर _________ में रहता था।
14. दुनिया में तो हमसे भी ___________ और दु:खी लोग रहते हैं।

संज्ञा

15. 'कठोर' शब्द का भाववाचक संज्ञा ____________ होता है।
16. मैं गुजरात में रहता हूँ। इसमें गुजरात ___________ संज्ञा है।

9. सही मिलान करो:- **5**

पाठ: 3.

(i)	कृष्णदेव	(क)	शक्तिशाली
(ii)	घग्घर नाथ	(ख)	महाराज
(iii)	कड़वी चीज	(ग)	तरबूज
(iv)	मीठी चीज	(घ)	तेनालीराम
(v)	बलवान	(ङ)	रचयिता

पाठ: 4.

(i)	गरबा	(क)	भोजन
(ii)	चोरनो	(ख)	राष्ट्रीय उदद्यान
(iii)	सोमनाथ	(ग)	नृत्य
(iv)	ढोकला	(घ)	पहनावा
(v)	गिर	(ङ)	मंदिर

पाठ: 5.

(i)	उपहास	(क)	प्रार्थना
(ii)	जीरो	(ख)	मज़ाक
(iii)	दंभी-अभिमानी	(ग)	तोहफा
(iv)	उपहार	(घ)	एक से नौ तक
(v)	विनती	(ङ)	हीरो

पाठ: 7.

(i)	देहांत	(क)	शुक्रिया
(ii)	लाड़ला	(ख)	भव्य
(iii)	बेबस	(ग)	मृत्यु
(iv)	धन्यवाद	(घ)	लाचार
(v)	आलीशान	(ङ)	प्यारा

10. निम्न वाक्यों में सही (√) गलत (X) केए निशान लगाएँ:- 1

(i) नभ सारा संसार ढकने के लिए कहता है।

(ii) प्रकृति सबसे अच्छी शिक्षक है।

(iii) आकाश का अर्थ जननी है।

(iv) देश की गुलामी के लिए तिलक ने शंघर्ष किया।

(v) सबसे कड़वी चीज मीठी बात होती है।

(vi) तेनालीराम ही घग्घरनाथ थे।

(vii) तिलक का दोस्त बुद्धिमान था।

(viii) नवरात्रि गुजरात का नृत्य था।

(ix) सबसे मीठी चीज मीठी बात होती है।

(x) गरबा नृत्य में लड़कियों ने घाघरा-चोली पहन रखे थे।

(xi) आँखों के लिए विटामिन 'ए' जरूरी नहीं है।

(xii) रमन में बदलाव आया और वह फल खाने लगा।

11. एक वाक्य में उत्तर दीजिए। (1 अंक)

(i) शिवानी छुट्टियों में कहाँ घूमने गई?

(ii) लड़कों की पोशाक कैसी थी?

(iii) गुजरात के एक मंदिर का नाम लिखिए।

(iv) भारत नें दुनियाँ को क्या उपहार दिया?

(v) धीरे-धीरे सारे अंक किसके पास जाने लगे?

(vi) 'अभिमानी' का अर्थ क्या होता है?

(vii) अंत में रमन में क्या परिवर्तन आया?

(viii) आँखों के लिए कौन सी विटामिन जरूरी है?

(ix) साढी बड़ा होकर क्या बना?

(x) साढी कौन था?

(xi) साढी कौन सा त्योहार मनाने जा रहा था?

(xii) मंगू कौन था?

(xiii) राजा नें मंगू क्या तोहफा दिया?

(xiv) मंगू से हमें क्या सीख मिलती है?

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2 अंक)

1. राजा कृष्णदेव राय नें अपने दरबारियों से क्या प्रश्न पूछा?
2. तेनालीराम की बुद्धिमत्ता से खुश होकर राजा ने क्या किया?
3. सबसे मीठी और सबसे कड़वी चीज क्या होती है?
4. घग्घर नाथ नें अपना परिचय क्या दिया?
5. हमें अपनी आँखें स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए?
6. रमन की आँखों में दर्द और चुभन क्यों था?
7. अंत में रमन नें क्या तय किया?
8. हमें चश्मा लगाने से बचने के लिए क्या करना चाहिए?
9. हरी सब्जियाँ एवं फल खाने से क्या-क्या फायदे हैं?
10. यदि साढी नें सपना न देखा होता, वह क्या करता?
11. साढी के सपने से आपने क्या सीखा?
12. ईद हम किस तरह मनाते हैं?
13. मंगू से हमें क्या सीख मिलती है?
14. राजा ने मंगू को क्या तोहफा दिया?

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3 अंक)

1. जीरो ने विनती करते हुए क्या कहा? क्यों?
2. 'जीरो का मोल' कविता हमें क्या सीख देती है? कैसे?
3. हमें किसी को कम क्यों नहीं समझना चाहिए?
4. आप अपनी आँखें कैसे स्वस्थ रख सकते हैं?
5. रमन की आँखों में चुभन के क्या कारण थे?
6. 'संतोष में हीं सुख की अनुभूति है।' कैसे?
7. 'मेहनत का फल मीठा होता है।' सिद्ध कीजिए।
8. मंगू कौन था? उसे राजा नें इनाम क्यों दिया?
9. मंगू राजा के महल में खुश क्यों नहीं था?
10. राजा की कौन सी चीज खो गई थी?

व्याकरण

1. वचन बदलें:- 6

(i) कुत्ता (ii) लड़का (iii) चिड़िया (iv) मिठाई (v) डिबिया (vi) क्यारी

2. नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द के नीचे रेखा खींचें। 4

(i) उससे पुछो उसे क्या चाहिए?

(ii) राम नें मुझसे कहा उसकी कलम खो गई।

(iii) वे जब तक नहीं आएंगे, हम नहीं जाएंगे।

(iv) क्या आप चाय पिएंगे?

3. नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों में उचित विशेषण का प्रयोग कीजिए- 4

(क) ------------------ इंसान (ख) ------------------ शिष्य

(ग) ------------------ संगीत (घ) ------------------ स्वभाव

4. क्रिया किसे कहते हैं? उचित उदाहरण देकर समझाइए। 2

5. निम्न वाक्यों में क्रिया शब्दों को छांटिए- 5

(क) शेर जंगली जानवर है।

(ख) माताजी मुझसे नाराज हैं।

(ग) माँ भोजन पका रही है।

(घ) हमने सारे काम किए।

(ङ) माली पौधों में पानी डाल रहा है।

6. कोष्ठक में दी गई क्रियाओं के सही रूप भरकर वाक्य पूरे कीजिए। 4

(क) मैं रोज सुबह -----------------------। **(पढ़ना)**

(ख) आकाश में बादल हैं, इसलिए आज वर्षा --------------------- । **(होना)**

(ग) मुझे चोट लग गई थी। इसलिए मैं विद्यालय नहीं ----------------। **(आना)**

(घ) दो वर्ष पहले मैं गुजरात घूमने ---------------------- । **(जाना)**

7. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का काल पहचान कर उसका नाम लिखिए- 5

(क) रमा गाना गाएगी। ------------------------------।

(ख) घोड़ा घास खाता है। ----------------------------।

(ग) वह खेलने गया। ---------------------------------।

(घ) कपिल आया था। --------------------------------।

(ङ) सीमा पढ़ रही है। --------------------------------।

8. निम्न वाक्यों में क्रिया-विशेषण शब्द छांटकर लिखो- 1

(क) वह कम बोलता है।

(ख) उषा तेज दौड़ती है।

(ग) पिताजी दिल्ली से कल आएंगे।

(घ) सवेरे जल्दी आना।

(ङ) काली बिल्ली तेजी से भागी।

(च) मोहन यहाँ रहता है।

9. निम्नलिखित क्रिया-विशेषण शब्दों से वाक्य बनाइए- 1

(क) अंदर - ....।

(ख) पहले - ....।

(ग) धीरे-धीरे - ....।

(घ) इतना - ....।

(ङ) ज्यादा - ....।

(च) परसों - ....।

10. सामने दी गई सूची में से उचित संबंधबोधक छाँटकर नीचे दिए गए वाक्यों में भरिए:- 6

(क) ठंड .... भिखारी काँप रहा था।

(ख) मेरे घर ....पीपल का एक पेड़ है।

(ग) कमला माता जी ....गई है।

(घ) नौकर अतिथियों................ खाना बना रहा है।

(ङ) स्टेशन ....ही बड़ा बाजार है।

(च) चोर....................... घर छिपा हुआ है।

के लिए
के पास
के सामने
के पीछे
के साथ
के कारण